# विंडो विज्ञापन

## के.रि.पु.बल में प्रवेश साक्षात्कार (WALK-IN-INTERVIEW)

## विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति हेतु

प्रवेश साक्षात्कार (WALK-IN-INTERVIEW) की तिथि को 67 वर्ष से कम आयु के उपयुक्त और इच्छुक पुरुष और महिला उम्मीदवार संयुक्त अस्पताल, के.रि.पु.बल, लांगजिंग, इम्फाल, मणिपुर में अनुबंध के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने हेतु प्रवेश साक्षात्कार (WALK-IN-INTERVIEW) में शामिल हो सकते हैं।

कुल उपलब्ध रिक्तियां का विवरण, तारीखवार नीचे दिया गया हैं:-

| क्र. सं. | साक्षात्कार की तिथि एवं समय | साक्षात्कार का स्थल/ केन्द्र | साक्षात्कार किस संयुक्त अस्पताल की रिक्ति के लिए आयोजित किया जा रहा है। | विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की रिक्तियों की संख्या | आयु | पारिश्रमिक | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **23/01/2023** को प्रात: 0900 बजे | संयुक्त अस्पताल, केरिपुबल, इम्फाल । | संयुक्त अस्पताल, केरिपुबल, इम्फाल। | | प्रवेश साक्षात्कार की तिथि को **67 वर्ष** से कम आयु। | विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी के लिए रु. **85,000/-** प्रति माह | विशेषज्ञ चिकित्साधिकारी के लिए<br>➢ संबंधित विशेषता में स्नातकोत्तर डिग्री/ डिप्लोमा।<br>➢ स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के बाद डेढ़ साल का अनुभव।<br>➢ स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद ढाई साल का अनुभव। |
| | | | Medicine | 01 | | | |
| | | | Obs & Gynae | 01 | | | |
| | | | Eye | 01 | | | |
| | | | Surgeon | 01 | | | |
| | | | Radiology | 01 | | | |
| | | | **Total** | **05** | | | |

2. **पारिश्रमिक** :- रु. 85,000/- प्रतिमाह विशेषज्ञ चिकित्साधिकारी के लिए।

3. **योग्यता** :- संबंधित विशेषता में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा। स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के बाद डेढ़ साल का अनुभव। स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद ढाई साल का अनुभव।

लगातार पृष्ठ/2-पर........

**4. अन्य नियम एवं शर्तें:-**

क) नियुक्ति विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर है और अनुबंध की नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि तीन साल के लिए होगी जिसे 70 वर्ष की अधिकतम आयु तक साल दर साल आधार पर आगे 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।

ख) कार्यकाल पूरा होने पर, अनुबंध स्वतः समाप्त हो जाएगा। हालांकि, नियुक्ति किसी भी समय (दोनों तरफ से) एक महीने का नोटिस देकर या बिना कोई कारण बताए एक महीने का वेतन देकर या तीन महीने की सेवा सक्षम प्राधिकारी की संतुष्टि के अनुसार पूरी नहीं करने पर समाप्त की जा सकती है। .

ग) नियुक्त व्यक्ति भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेच्युटी, चिकित्सा परिचर्या उपचार, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि जैसे किसी लाभ या नियमित आधार पर नियुक्त सरकारी सेवक को देय किसी अन्य लाभ का हकदार नहीं होगा। नियुक्त व्यक्ति के.रि.पुबल में किसी भी पद पर नियमित नियुक्ति हेतु कोई दावा नहीं कर सकेगा और उसे ऐसा करने का कोई अधिकार भी नहीं होगा।

घ) नियुक्त व्यक्ति के काम के घंटे के.रि.पु.बल अस्पतालों/संस्थान के कार्यक्रम या सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रहेंगे।

ङ) नियुक्त व्यक्ति को देश के किसी भी हिस्से में सेवा के लिए तैनात किया जा सकता है।

च) नियुक्त व्यक्ति को के.रि.पु.बल द्वारा सौंपी गई ड्यूटियों का निर्वहन करना होगा। सक्षम प्राधिकारी के पास आवश्यकता पड़ने पर उसे किसी भी ड्यूटी देने का अधिकार सुरक्षित है। इस तरह के सौपे गए कार्य हेतु कोई अन्य/अतिरिक्त भत्ता देय नहीं होगा।

छ) नियुक्त व्यक्ति की छुट्टी की पात्रता कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 12 अप्रैल,1985 के का.ज्ञा.12016/3/84-स्था.(एल), दिनांक 05 जुलाई 1990 के का.ज्ञा.सं.12016/1/90-स्था.(एल), एवं दिनांक 12 जुलाई 1999 के का.ज्ञा. 12016/2/99-स्था.(एल) एवं समय-समय पर यथासंशोधित नियमों के अधीन होगी।

ज) प्रवेश साक्षात्कार (WALK-IN-INTERVIEW) के दौरान कोई भी यात्रा/दैनिक भत्ता और भोजन व आवास की सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

झ) के.रि.पु.बल में अनुबंध के आधार पर तैनाती/नियुक्ति की अवधि के दौरान यात्रा/दैनिक भत्ता का भुगतान नहीं किया जाएगा।

लगातार पृष्ठ/3-पर........

ञ) अनुबंध अवधि के दौरान वह बल के अनुशासन के मानकों का पालन करने के लिए बाध्य होगा और प्रशासनिक प्राधिकारी के लिखित या मौखिक रूप से पारित आदेशों को निष्पादित करेगा।

ट) इच्छुक उम्मीदवार सामान्य ड्यूटी चिकित्साधिकारियों और विशेषज्ञ चिकित्साधिकारियों की संविदात्मक नियुक्ति के लिए लागू नियमों और शर्तों/पूर्ण विवरण की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.crpf.gov.in का अवलोकन भी कर सकते हैं।

5. प्रवेश साक्षात्कार (WALK-IN-INTERVIEW) के लिए उपस्थित होने के समय, उम्मीदवारों को सभी प्रासंगिक दस्तावेजों (डिग्री, आयु प्रमाण और अनुभव प्रमाण पत्र आदि) की मूल प्रति के साथ-साथ उनकी फोटोकॉपी, साथ ही आवेदित पद के नाम को दर्शाते हुए सादे कागज पर अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा और अपनी नवीनतम पांच पासपोर्ट आकार की फोटो अवश्य लानी होगी। साक्षात्कार के बाद मेडिकल जांच की जाएगी।

हस्ताक्षरित/-04/01/2023
पुलिस उप महानिरीक्षक(प्रशासन)
कृते पुलिस महानिरीक्षक,
मणिपुर एवं नागालैण्ड सेक्टर,
केरिपुबल, इम्फाल।